कार्यालय, प्राचार्य, शासकीय नवीन महाविद्यालय, जनकपुर
OFFICE OF THE PRINCIPAL, GOVERNMENT NAVEEN COLLEGE, JANAKPUR
जिला–मनेन्द्रगढ–चिरमिरी–भरतपुर, (छ0ग0)
DISTRICT- MANENDRAGARH–CHIRMIRI–BHARATPUR, (C.G.)
(NAAC -ACCREDITED)
संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय, सरगुजा, अम्बिकापुर से संबद्ध
Website-janakpurcollege.ac.in Mo. No. 9415248896 Email- gndc.jnk2008@gmail.com

| 3.3.3 Number of extension and outreach programs conducted by the institution through NSS/NCC/Red cross/YRC etc., ( including the programmes such as Swachh Bharat, AIDS awareness, Gender issues etc. and/or those organized in collaboration with industry, community and NGOs ) during the year | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 3.3.4 Number of students participating in extension activities at 3.3.3. above during the year | | | | | |
| **S.No** | **Name of the activity** | **Organising unit/ agency/ collaborating agency** | **Name of the scheme** | **Year of the activity** | **Number of students participated in such activities** |
| **1** | **Constitutions Day** | **NSS** | **Regular activity** | **2023** | **110** |
| **2** | **Plantation** | **NSS** | **Regular activity** | **2023** | **85** |
| **3** | **Independence day** | **NSS** | **Regular activity** | **2023** | 116 |
| **4** | **International Literacy day** | **NSS** | **Regular activity** | **2023** | 118 |
| **5** | **NSS Day** | **NSS** | **Regular activity** | **2023** | 105 |
| **6** | **Madyapan nishedh divas** | **NSS** | **Regular activity** | **2023** | 98 |
| **7** | **Voter awareness day** | **NSS** | **Regular activity** | **2023** | 107 |
| **8** | **International human rights day** | **NSS** | **Regular activity** | **2023** | 110 |
| **9** | **Youth week** | **NSS** | **Regular activity** | **2023** | 115 |
| **10** | **Special seven days camp** | **NSS** | **Regular activity** | **2023** | 87 |
| **11** | **Yoga Day** | **NSS** | **Regular activity** | **2023** | 51 |

# कार्यालय, प्राचार्य, शासकीय नवीन महाविद्यालय, जनकपुर

## OFFICE OF THE PRINCIPAL, GOVERNMENT NAVEEN COLLEGE, JANAKPUR

जिला–मनेन्द्रगढ–चिरमिरी–भरतपुर, (छ0ग0)

**DISTRICT- MANENDRAGARH–CHIRMIRI–BHARATPUR, (C.G.)**

**(NAAC -ACCREDITED)**

संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय, सरगुजा, अम्बिकापुर से संबद्ध

**Website-janakpurcollege.ac.in Mo. No. 9415248896 Email- gndc.jnk2008@gmail.com**










### शासकीय नवीन महाविद्यालय जनकपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा मनाया गया राजभाषा हिंदी दिवस

MCB@किरणदूत

शासकीय नवीन महाविद्यालय जनकपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना तथा हिन्दी विभाग के द्वारा राजभाषा हिंदी दिवस मनाया गया, कार्यक्रम का संचालन हिन्दी विभाग के विभागाध्यक्ष महावीर पैकरा के द्वारा किया गया.

कार्यक्रम में हिन्दी भाषा के वर्तमान दशा एवं दिशा के साथ राजभाषा के सम्बन्ध में संवैधानिक प्रावधान तथा राजभाषा अधिनियम तथा नियम के बारे में महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी अतुल कुमार वर्मा ने बताया ,हिन्दी भाषा की महत्ता के विषय पर प्रकाश डालते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एसपी त्रिपाठी के द्वारा बताया गया हम सपने जिस भाषा में देखते हैं उसी भाषा में हमारे ज्ञान और विज्ञान का अविष्कार होता है हमे दूसरी भाषाओं को जानना चाहिए पर अपनी मातृभाषा को नहीं भूलना चाहिए। कार्यक्रम में वाणिज्य विभाग के सहायक प्राध्यापक बी एल सोनवानी, भौतिक विज्ञान के विनीत कुमार पाण्डेय , जन्तु विज्ञान के सहायक प्राध्यापक ऋषभ कुमार बोरकर अंग्रेजी के सहायक प्राध्यापक हेमन्त बंजारे ,वनस्पति विज्ञान की अतिथि व्याख्यता श्रृगिका मिश्रा, गितिका वर्मा , रामलाल पटेल , प्रयोगशाला तकनीशियन महरोज बेगम , सुरजीत सिंह, राजाराम सिंह परस्ते,सहित बड़ी संख्या में छात्र एवं छात्राएं उपस्थित रहें।







**संक्षिप्त खबरें**

### हिन्दी दिवस पर हुए विशेष आयोजन

**जनकपुर (नईदुनिया न्यूज)।** शासकीय नवीन महाविद्यालय जनकपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना तथा हिन्दी विभाग के द्वारा राजभाषा हिंदी दिवस मनाया गया, कार्यक्रम का संचालन हिन्दी विभाग के विभागाध्यक्ष महावीर पैकरा के द्वारा किया गया । कार्यक्रम में हिन्दी भाषा के वर्तमान दशा एवं दिशा के साथ राजभाषा के सम्बन्ध में संवैधानिक प्रावधान तथा अधिनियम तथा नियम के बारे में महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी अतुल कुमार वर्मा ने बताया ,हिन्दी भाषा की महत्ता के विषय पर प्रकाश डालते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डा. एसपी त्रिपाठी के द्वारा बताया गया हम सपने जिस भाषा में देखते हैं उसी भाषा में हमारे ज्ञान और विज्ञान का अविष्कार होता है दूसरी भाषाओं को जानना चाहिए पर अपनी मातृभाषा को नहीं भूलना चाहिए।

# कार्यालय, प्राचार्य, शासकीय नवीन महाविद्यालय, जनकपुर

## OFFICE OF THE PRINCIPAL, GOVERNMENT NAVEEN COLLEGE, JANAKPUR

जिला–मनेन्द्रगढ–चिरमिरी–भरतपुर, (छ0ग0)

**DISTRICT- MANENDRAGARH–CHIRMIRI–BHARATPUR, (C.G.)**

**(NAAC -ACCREDITED)**

संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय, सरगुजा, अम्बिकापुर से संबद्ध

**Website-janakpurcollege.ac.in Mo. No. 9415248896 Email- gndc.jnk2008@gmail.com**















# कार्यालय, प्राचार्य, शासकीय नवीन महाविद्यालय, जनकपुर

## OFFICE OF THE PRINCIPAL, GOVERNMENT NAVEEN COLLEGE, JANAKPUR

जिला–मनेन्द्रगढ–चिरमिरी–भरतपुर, (छ0ग0)

**DISTRICT- MANENDRAGARH–CHIRMIRI–BHARATPUR, (C.G.)**

**(NAAC -ACCREDITED)**

संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय, सरगुजा, अम्बिकापुर से संबद्ध

**Website-janakpurcollege.ac.in Mo. No. 9415248896 Email- gndc.jnk2008@gmail.com**






स्वीप | मेरी मिट्टी मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना का आयोजन

### कलश यात्रा : वसुंधरा का वंदन वीरों का अभिनंदन

जनकपुर( नईदुनिया न्यूज )। वसुंधरा का वंदन वीरों का अभिनंदन मेरी मिट्टी मेरा देश कार्यक्रम के अन्तर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई शासकीय नवीन महाविद्यालय जनकपुर के द्वारा अमृत कलश यात्रा निकाली गई है। जिसमें महाविद्यालय के छात्र एवं छात्राओं के द्वारा अपने अपने घरों से मिट्टी और चावल लेकर आएं और जिसे अमृत कलश में एकत्रित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डा. एसपी त्रिपाठी के द्वारा किया गया । उन्होंने अमृत कलश यात्रा के उद्देश्य के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा अमृत काल के पंच प्रण की शपथ दिलाई। इसके साथ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप गतिविधियों के अन्तर्गत छात्र एवं छात्राएं के द्वारा रंगोली बनाई गई , कार्यक्रम में भारत माता की भूमिका के रुप में निहारिका तिवारी तथा छत्तीसगढ़ महतारी की भूमिका रागिनी मौर्य, अनिल कुमार यादव, नितीश कुमार साहू के द्वारा सक्रिय रुप से अपने उत्तरदायित्व का निर्वहन किया गया । कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी अतुल कुमार वर्मा के द्वारा किया गया कार्यक्रम में महाविद्यालय के शैक्षणिक स्टाफ के रुप में रसायन विज्ञान के सहायक प्राध्यापक डा. अवनीश कुमार पटेल,बीएल सोनवानी, महावीर पैकरा,ऋषभ कुमार बोरकर, हेमन्त बंजारे, परमानंद, विनीत कुमार पाण्डेय, गितिका वर्मा,रामलाल पटेल, श्रृगिका मिश्रा, रामप्रसाद बैगा, शमीम खान,सुरजीत सिंह, राजाराम सिंह परस्ते, रमेश कुमार यादव, रघुवीर सिंह बंसल, नेहरू युवा केन्द्र के स्वयंसेविका सीता सिंह के साथ मानसिंह, पंकज कुमार मौर्य, तारकेश्वर राजवाड़े, विजेन्द्र वर्मा, मौसमी, अमित कुमार,नूरसबा , रामपाल बैगा, पन्नेलाल, वृजदीप साधे, आरती केवट, संगीता,विद्या सागर, प्रीती केवट, संदीप कुमार यादव, सुशील कुमार सिंह , मोहित कुशवाहा, फूलमती सिंह, निखिल कुमार साहू, रामचंद्र,करीम शाह, राजेन्द्र प्रसाद,यशोदा उपस्थित रहे ।

कलश यात्रा निकालते महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं ● नईदुनिया






### एनएसएस का उद्देश्य राष्ट्र सेवा की भावना जगाना

#### नवीन महाविद्यालय में मनाया राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना दिवस

जनकपुर (नईदुनिया न्यूज)। शासकीय नवीन महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ के प्राचार्य डा. एसपी त्रिपाठी के द्वारा युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद तथा भारत माता के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी अतुल कुमार वर्मा ने किया। उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना की स्थापना तथा उसके उद्देश्यों और उसके महत्व के बारे में स्वयंसेवकों को विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि भारत सरकार के द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्म शताब्दी वर्ष 1969 मे 24 सितंबर से इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिसका उद्देश्य है, युवाओं में राष्ट्र सेवा की भावना का संचार करनां तथा राष्ट्र निर्माण के लिए एक जिम्मेदार नागरिक के रुप में स्वयं को तैयार करना। समाज में व्याप्त छुआछूत, अंधविश्वास,नशा का उन्मूलन , मतदाता जागरूकता,विधिक साक्षरता, यातायात सुरक्षा जागरूकता के बारे में बताया गया, महाविद्यालय के प्राचार्य डा. एसपी त्रिपाठी के द्वारा समाज सेवा के व्यवहारिक पक्षो के बारे में व्याख्यान दिया गया उनके द्वारा स्वयंसेवकों को जल संरक्षण और मृदा संवर्धन तथा जैविक खेती से संबंधित नवाचार में सहभागी बनने का संकल्प लेने तथा अपने जीवन को समाज के उपयोगी कार्यों में लगाने के लिए प्रेरित किया गया। भूगोल विभाग के सहायक प्राध्यापक परमानंद के द्वारा स्वयंसेवकों को अपने महाविद्यालय तथा समाज के प्रति उनके उत्तरदायित्व के बारे में बताया गया। हिन्दी के सहायक प्राध्यापक महावीर पैकरा के द्वारा इस बात पर विशेष बल दिया गया कि प्रत्येक स्वयंसेवक अपने गांव के छोटे छोटे बच्चों को थोड़ा समय निकाल कर उन्हें शिक्षित करने का प्रयास करें तो समाज में बहुत बड़ा सकारात्मक परिवर्तन आएगा। इसी कड़ी में वाणिज्य विभाग के सहायक प्राध्यापक बी एल सोनवानी के द्वारा स्वयंसेवकों से अपील की गई की पढ़ाई लिखाई के साथ-साथ वित्तीय साक्षरता के बारे में जानकारी रखना चाहिए। कार्यक्रम में अंग्रेजी के सहायक प्राध्यापक हेमंत बंजारे, वनस्पति विज्ञान के सहायक प्राध्यापक ऋषभ बोरकर, राजनीति विज्ञान के अतिथि व्याख्यता रामलाल पटेल, श्रृगिका मिश्रा, प्रयोगशाला तकनीशियन रामप्रसाद बैगा, सुरजीत सिंह, महरोज बेगम कमलेश कुमार बैगा,राजराम सिंह परस्ते ,रामेश कुमार यादव, रघुवीर बंसल के साथ स्वयंसेवकों में पन्नेलाल, वृजदीप साधे, अनिल कुमार यादव, नितीश कुमार साहू, तारकेश्वर समेत बड़ी संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित रहें।

कार्यक्रममे उपस्थित महाविद्यालय के विद्यार्थी ● नईदुनिया

# कार्यालय, प्राचार्य, शासकीय नवीन महाविद्यालय, जनकपुर

**OFFICE OF THE PRINCIPAL, GOVERNMENT NAVEEN COLLEGE, JANAKPUR**

जिला–मनेन्द्रगढ–चिरमिरी–भरतपुर, (छ0ग0)

**DISTRICT- MANENDRAGARH–CHIRMIRI–BHARATPUR, (C.G.)**

**(NAAC -ACCREDITED)**

संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय, सरगुजा, अम्बिकापुर से संबद्ध

**Website-janakpurcollege.ac.in Mo. No. 9415248896 Email- gndc.jnk2008@gmail.com**


## रासेयो विशेष शिविर का हुआ उद्घाटन




जनकपुर (नईदुनिया न्यूज)। शासकीय नवीन महाविद्यालय जनकपुर का राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ ग्राम पंचायत भगवानपुर के आश्रित ग्राम रेद हुआ। शिविर का उद्घाटन जनपद पंचायत भरतपुर उपाध्यक्ष दुर्गाशंकर मिश्रा तथा महाविद्यालय प्राचार्य डा. एसपी त्रिपाठी के द्वारा किया गया। सात दिवसीय शिविर की रुपरेखा के बारे में राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारीअतुल कुमार वर्मा के द्वारा बताया गया,इस वर्ष विशेष शिविर की थीम नशा मुक्त समाज के लिए युवा । तथा इन सात दिवसों मतदाता जागरूकता, सड़क सुरक्षा यातायात जागरूकता, कार्यक्रम में संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।




## रासेयो ने महात्मा गांधी को किया याद

जनकपुर (नईदुनिया न्यूज)। एमसीबी शासकीय नवीन महाविद्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। एक दिन पूर्व स्वयंसेवकों के द्वारा भारत के प्रधानमंत्री के आह्वान पर स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अन्तर्गत महाविद्यालय परिसर की साफ सफाई की गई थी । दो अक्टूबर के दिन दो महापुरुषों की जयंती को धूमधाम से मनाया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी अतुल कुमार वर्मा के द्वारा किया गया। उन्होंने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के जीवन से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। स्वयंसेवकों को उनके विचारों को आत्मसात कर जीवन में आगे बढ़ने का संकल्प लेने के लिए कहा, नेहरू युवा केन्द्र की स्वयंसेविका तथा महाविद्यालय की पूर्व छात्रा सीता सिंह के द्वारा गांधी और शास्त्री जी के जीवन के बारे में बताया गया।




महात्मा गांधी की फोटो मे माल्यार्पण करते शिक्षक

हिन्दी के सहायक प्राध्यापक महावीर पैकरा के द्वारा गांधी जी के बुनियादी शिक्षा योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। किस प्रकार व्यहारिक शिक्षा द्वारा जीवन में कौशल प्राप्त किया जा सकता है,वाणिज्य के सहायक प्राध्यापक बीएल सोनवानी के द्वारा गांधी जी के सत्य ,अहिंसा और स्वदेशी विचारों से स्वयंसेवकों को अवगत कराया गया। स्वयंसेवक विद्यासागर, मानसिंह, पंकज कुमार मौर्य, अनिल कुमार यादव,भोला मौर्य,सौरभ सिंह, तारकेश्वर राजवाड़े के द्वारा भी गांधी जी और शास्त्री जी के जीवन से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विचार व्यक्त किए गए, कार्यक्रम में प्रियांशु मिश्रा, सुशील कुमार सिंह, विजेन्द्र सिंह,दिलीप सिंह, दुर्गेश सिंह, राजेश सिंह, अल्पना देवी,रीता,कोमल सोनी, प्रीती कंवर, सुषमा साकेत, संजय जोगी, यशोदा,शगुन यादव, लक्ष्मी साकेत,रामविकास, रमेश कुमार यादव, रघुवीर सिंह बंसल, सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित रहे, कार्यक्रम का समापन सीता सिंह के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ।

# कार्यालय, प्राचार्य, शासकीय नवीन महाविद्यालय, जनकपुर

**OFFICE OF THE PRINCIPAL, GOVERNMENT NAVEEN COLLEGE, JANAKPUR**


जिला–मनेन्द्रगढ–चिरमिरी–भरतपुर, (छ०ग०)

**DISTRICT- MANENDRAGARH–CHIRMIRI–BHARATPUR, (C.G.)**

**(NAAC -ACCREDITED)**

संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय, सरगुजा, अम्बिकापुर से संबद्ध

**Website-janakpurcollege.ac.in Mo. No. 9415248896 Email- gndc.jnk2008@gmail.com**









# स्वयंसेवक कर रहे सार्वजनिक स्थलों पर नारा लेखन

**मताधिकार जहां हमें संविधान प्रदत्त अधिकार है वहीं मतदान करना हमारा कर्तव्य भी - अतुल कुमार**




नवभारत ब्यूरो । मनेन्द्रगढ़।

इस भीषण गर्मी में भी शा. नवीन महाविद्यालय, जनकपुर के छात्र "पहले मतदान फिर जलपान" , "हम सबकी जिम्मेदारी वोट डालने जाएं नर - नारी " जैसे प्रेरक मतदाता जागरूकता नारों के द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक अपने ग्राम तथा अन्य सार्वजनिक स्थलों मे दीवार पर नारा लेखन का कार्य कर रहे हैं

महाविद्यालय के प्राचार्य अतुल कुमार वर्मा का कहना है उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले सभी बच्चों की यह जिम्मेदारी है, अपने आसपास के सभी लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करें,मताधिकार जहां हमें संविधान प्रदत्त अधिकार है वहीं मतदान करना हमारा कर्तव्य भी है। लोकतंत्र में मतदाता ही भाग्य विधाता होता है, इसीलिए सभी लोग धर्म,जाति, क्षेत्र तथा भाषा से ऊपर उठकर राष्ट्रीय हित में सभी लोग अपने मताधिकार का इस्तेमाल करें। छात्रों को नारा लेखन की प्रेरणा महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक महावीर पैकरा ने दिया। नारा लेखन में पन्नेलाल, बिजेंद्र वर्मा, पंकज मौर्य, बृजदीप सार्थे, विद्यासागर, मानसिंह, दुर्गेश सिंह, बालेन्दु सिंह, चन्द्र प्रताप सम्मिलित हैं।






# कार्यालय, प्राचार्य, शासकीय नवीन महाविद्यालय, जनकपुर
## OFFICE OF THE PRINCIPAL, GOVERNMENT NAVEEN COLLEGE, JANAKPUR
जिला–मनेन्द्रगढ–चिरमिरी–भरतपुर, (छ0ग0)

**DISTRICT- MANENDRAGARH–CHIRMIRI–BHARATPUR, (C.G.)**

**(NAAC -ACCREDITED)**

संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय, सरगुजा, अम्बिकापुर से संबद्ध

**Website-janakpurcollege.ac.in Mo. No. 9415248896 Email- gndc.jnk2008@gmail.com**















## यातायात नियमों की दी गई जानकारी

जनकपुर( नईदुनिया न्यूज )। शासकीय नवीन महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर में तृतीय दिवस बौद्धिक परिचर्चा का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डा.एसपी त्रिपाठी के द्वारा किया गया ।उन्होंने यातायात नियमों तथा यातायात जागरूकता जीवन में अपनाने के लिए कहा । महाविद्यालय के हिन्दी सहायक प्राध्यापक महावीर पैकरा ने स्वयंसेवकों और उपस्थित ग्रामीणों जनो को वाहन चलाने के नियम कानूनों के बारे विस्तार से बताया गया। उन्होंने ने कहा वाहन चलाते समय सावधानी बरतें दुर्घटना से देर भली ,अतिथि व्याख्यता ओंकेश्वर प्रसाद ने बताया कि सभी स्वयंसेवक सबसे पहले अपना लाइसेंस बनवाने इसके बाद ही वाहन चलाए ,हेलमेट जरुरी है यातायात संकेतो का कड़ाई से पालन करें।कार्यक्रम अधिकारी अतुल कुमार वर्मा के द्वारा मोटर वाहन अधिनियम 1988 तथा मोटर वाहन विनियम 2017 के बारे में बताया गया किस ड्राईविंग लाइसेंस बनाने की प्रक्रिया अपनाई जाती हैं साथ ही उन्होंने कहा की रेलगाड़ी में यात्रा करते समय दरवाजे पर ना खड़े हो तथा टिकट लेकर ही यात्रा करें। महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक परमानंद, रामलाल पटेल सहित स्वयंसेवक ब्रिजेंद्र वर्मा, चन्द प्रताप सिंह, पंकज मौर्य, अरविंद सिंह, दिलीप सिंह, राजेश सिंह, द्वारिका प्रसाद, महेंद्र सिंह, दुर्गेश सिंह,भारत सिंह, आनन्द सिंह, मानसिंह, सुरेश सिंह,अशुल कुमार, जगजीवन यादव, तारकेश्वर राजवाड़े, हिमांशु बैगा, दिकपाल मौर्य, अनीता बैग, भैय्यालाल सिंह, सागर गुप्ता , अनिल सिंह,रामप्रसाद बैगा सहित बड़ी में ग्रामीणजन उपस्थित रहें।



रासेयो शिविर मेजानकारी लेते विद्यार्थी ●नईदुनिया

## रासेयो विशेष शिविर का हुआ उद्घाटन



जनकपुर (नईदुनिया न्यूज)। शासकीय नवीन महाविद्यालय जनकपुर का राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ ग्राम पंचायत भगवानपुर के आश्रित ग्राम रेद हुआ। शिविर का उद्घाटन जनपद पंचायत भरतपुर उपाध्यक्ष दुर्गाशंकर मिश्रा तथा महाविद्यालय प्राचार्य डा. एसपी त्रिपाठी के द्वारा किया गया। सात दिवसीय शिविर की रुपरेखा के बारे में राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारीअतुल कुमार वर्मा के द्वारा बताया गया,इस वर्ष विशेष शिविर की थीम नशा मुक्त समाज के लिए युवा । तथा इन सात दिवसों मतदाता जागरूकता, सड़क सुरक्षा यातायात जागरूकता, कार्यक्रम में संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।



# कार्यालय, प्राचार्य, शासकीय नवीन महाविद्यालय, जनकपुर


**OFFICE OF THE PRINCIPAL, GOVERNMENT NAVEEN COLLEGE, JANAKPUR**

जिला–मनेन्द्रगढ–चिरमिरी–भरतपुर, (छ0ग0)

**DISTRICT- MANENDRAGARH–CHIRMIRI–BHARATPUR, (C.G.)**

**(NAAC -ACCREDITED)**

संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय, सरगुजा, अम्बिकापुर से संबद्ध

**Website-janakpurcollege.ac.in Mo. No. 9415248896 Email- gndc.jnk2008@gmail.com**







## शिविर में दिया गया नशामुक्त समाज का संदेश

जनकपुर( नईदुनिया न्यूज)। एमसीबी विकास खण्ड भरतपुर के शासकीय नवीन कालेज में नशा मुक्त समाज के लिए युवा थीम पर आधारित शासकीय नवीन महाविद्यालय जनकपुर के राष्ट्रीय सेवा योंजना का सात दिवसीय विशेष शिविर का आज समापन हो गया विगत सात दिनों में स्वयंसेवकों के द्वारा ग्राम पंचायत भगवानपुर के आश्रित ग्राम रेद में स्वच्छता जागरूकता , मतदाता जागरूकता, सड़क सुरक्षा एवं यातायात जागरूकता, प्राथमिक विद्यालय में क्यारी निर्माण , प्रौढ़ शिक्षा, प्लास्टिक का न्यूनतम उपयोग, वन संरक्षण,मोटे अनाज (मिलेट)का दैनिक जीवन में उपयोग,विशेष रुप से समाज में व्याप्त नशा उन्मूलन को लेकर नुक्कड़ नाटक किया गया। कार्यक्रम के समापन के अवसर पर होम्योपैथी चिकित्सालय भरतपुर के चिकित्सा अधिकारी डा. शिवपाल सिंह नशा उन्मूलन तथा इसके दुष्परिणाम के बारे में ग्रामीणों तथा स्वयंसेवकों के बीच में अपने विचार रखें। स्वयंसेवकों को नशा मुक्त रहने की शपथ भी दिलाई। महाविद्यालय के प्राचार्य डा.एसपी त्रिपाठी जैविक खेती जल संरक्षण एवं संवर्धन विषय पर अपने विचार व्यक्त किए, करियर मार्गदर्शन के अंतर्गत किस प्रकार से अध्ययन क्षेत्र में किस प्रकार सफलता प्राप्त की जा सकती है। इस विषय पर वाणिज्य के सहायक प्राध्यापक बी एल सोनवानी तथा भूगोल के सहायक प्राध्यापक परमानंद ने बताया, बच्चों में संवाद कौशल और व्यक्तित्व विकास विषय में हिन्दी के सहायक प्राध्यापक महावीर पैकरा ने विचार व्यक्त किया। सोशल मीडिया के उपयोग में सावधानी विषय पर विचार रसायन विज्ञान के सहायक प्राध्यापक डा. अवनीश पटेल ने बताया की हमें भ्रामक खबरों से बचना चाहिए तथा कम से कम समय सोशल मीडिया में देना चाहिए। शिविर के सफल आयोजन में सहयोग करने वाले सभी का आभार ज्ञापन राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी अतुल कुमार वर्मा ने कहा की शिविर अपने उद्देश्यों की पूर्ति में सफल रहा । इसके माध्यम से निश्चित रुप से स्वयंसेवकों में नेतृत्व तथा आत्मविश्वास में वृद्धि हुई है।

राष्ट्रीयसेवा योजना के शिविर में उपस्थित युवा ग्रामीण ●नईदुनिया







## शिविर में दिया गया नशामुक्त समाज का संदेश

जनकपुर( नईदुनिया न्यूज)। एमसीबी विकास खण्ड भरतपुर के शासकीय नवीन कालेज में नशा मुक्त समाज के लिए युवा थीम पर आधारित शासकीय नवीन महाविद्यालय जनकपुर के राष्ट्रीय सेवा योंजना का सात दिवसीय विशेष शिविर का आज समापन हो गया विगत सात दिनों में स्वयंसेवकों के द्वारा ग्राम पंचायत भगवानपुर के आश्रित ग्राम रेद में स्वच्छता जागरूकता , मतदाता जागरूकता, सड़क सुरक्षा एवं यातायात जागरूकता, प्राथमिक विद्यालय में क्यारी निर्माण , प्रौढ़ शिक्षा, प्लास्टिक का न्यूनतम उपयोग, वन संरक्षण,मोटे अनाज (मिलेट)का दैनिक जीवन में उपयोग,विशेष रुप से समाज में व्याप्त नशा उन्मूलन को लेकर नुक्कड़ नाटक किया गया। कार्यक्रम के समापन के अवसर पर होम्योपैथी चिकित्सालय भरतपुर के चिकित्सा अधिकारी डा. शिवपाल सिंह नशा उन्मूलन तथा इसके दुष्परिणाम के बारे में ग्रामीणों तथा स्वयंसेवकों के बीच में अपने विचार रखें। स्वयंसेवकों को नशा मुक्त रहने की शपथ भी दिलाई। महाविद्यालय के प्राचार्य डा.एसपी त्रिपाठी जैविक खेती जल संरक्षण एवं संवर्धन विषय पर अपने विचार व्यक्त किए, करियर मार्गदर्शन के अंतर्गत किस प्रकार से अध्ययन क्षेत्र में किस प्रकार सफलता प्राप्त की जा सकती है। इस विषय पर वाणिज्य के सहायक प्राध्यापक बी एल सोनवानी तथा भूगोल के सहायक प्राध्यापक परमानंद ने बताया, बच्चों में संवाद कौशल और व्यक्तित्व विकास विषय में हिन्दी के सहायक प्राध्यापक महावीर पैकरा ने विचार व्यक्त किया। सोशल मीडिया के उपयोग में सावधानी विषय पर विचार रसायन विज्ञान के सहायक प्राध्यापक डा. अवनीश पटेल ने बताया की हमें भ्रामक खबरों से बचना चाहिए तथा कम से कम समय सोशल मीडिया में देना चाहिए। शिविर के सफल आयोजन में सहयोग करने वाले सभी का आभार ज्ञापन राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी अतुल कुमार वर्मा ने कहा की शिविर अपने उद्देश्यों की पूर्ति में सफल रहा । इसके माध्यम से निश्चित रुप से स्वयंसेवकों में नेतृत्व तथा आत्मविश्वास में वृद्धि हुई है।

राष्ट्रीयसेवा योजना के शिविर में उपस्थित युवा ग्रामीण ●नईदुनिया

# कार्यालय, प्राचार्य, शासकीय नवीन महाविद्यालय, जनकपुर

## OFFICE OF THE PRINCIPAL, GOVERNMENT NAVEEN COLLEGE, JANAKPUR

जिला–मनेन्द्रगढ–चिरमिरी–भरतपुर, (छ0ग0)

**DISTRICT- MANENDRAGARH–CHIRMIRI–BHARATPUR, (C.G.)**

**(NAAC -ACCREDITED)**

संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय, सरगुजा, अम्बिकापुर से संबद्ध

**Website-janakpurcollege.ac.in Mo. No. 9415248896 Email- gndc.jnk2008@gmail.com**




चिकित्सकों ने पोस्टमार्टम किया।

# संविधान से संबंधित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

## राष्ट्रीय सेवा योजना, समाज विज्ञान तथा राजनीति विज्ञान विभाग ने किया आयोजन

जनकपुर (नईदुनिया न्यूज)। शासकीय नवीन महाविद्यालय जनकपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना समाज विज्ञान परिषद तथा राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा संविधान दिवस पर भारतीय संविधान से सम्बन्धित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, इसके साथ संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया गया। स्नातकोत्तर स्तर पर राजनीति विज्ञान के विभागाध्यक्ष अतुल कुमार वर्मा के निर्देशन में एम ए प्रथम और द्वितीय वर्ष के छात्र एवं छात्राओं ने भारतीय संविधान के बारे में व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। जिसमें भारतीय संविधान राष्ट्र निर्माण के विकास में आधारशिला विषय पर विचार व्यक्त करते हुए महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डा. अवनीश कुमार पटेल ने कहा हम सबको भारतीय संविधान का अध्ययन करना चाहिए, महाविद्यालय में समाज विज्ञान परिषद अध्यक्ष तथा भूगोल विभागाध्यक्ष परमानंद के द्वारा यह विचार व्यक्त किया गया संविधान की प्रस्तावना सबको याद रखना चाहिए, हिन्दी के सहायक प्राध्यापक महावीर पैकरा के द्वारा बताया गया संविधान जहां हमें अधिकार प्रदान करता है वहीं हमें अपने कर्तव्यों के बारे में भी सचेत करता है ,ऐसे में प्रत्येक नागरिक का यह कर्तव्य है संविधान द्वारा निर्धारित किए गए राष्ट्र के प्रति कर्तव्यों का प्रत्येक नागरिक सत्यनिष्ठा से पालन करें। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक बी एल सोनवानी, हेमंत बंजारे, ऋषभ कुमार बोरकर, विनीत कुमार पाण्डेय, अतिथि व्याख्यता रामलाल पटेल, श्रृगिका मिश्रा, गितिका वर्मा, ओंकेश्वर प्रसाद, प्रयोगशाला तकनीशियन रामप्रसाद बैगा, सुरजीत सिंह, महरोज बेगम, शमीम खान,कमलेश कुमार बैगा, राजाराम सिंह परस्ते, रामेश कुमार यादव, रघुवीर सिंह बंसल, स्वयंसेवक में पन्नेलाल, बृजदीप साथे, अनिल कुमार यादव, नूरसबा, रामपाल सिंह बैगा, लोकेन्द्रसिंह, निखिल कुमार साहू, तारकेश्वर राजवाड़े, विजेन्द्र सिंह, दुर्गेश सिंह, मानसिंह, पंकज कुमार मौर्य, द्वारिका प्रसाद, माहेश्वरी वर्मा शामिल थे।

संविधान दिवस पर शपथ लेती छात्राएं









# कार्यालय, प्राचार्य, शासकीय नवीन महाविद्यालय, जनकपुर

# OFFICE OF THE PRINCIPAL, GOVERNMENT NAVEEN COLLEGE, JANAKPUR

जिला–मनेन्द्रगढ–चिरमिरी–भरतपुर, (छ0ग0)

**DISTRICT- MANENDRAGARH–CHIRMIRI–BHARATPUR, (C.G.)**

**(NAAC -ACCREDITED)**


संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय, सरगुजा, अम्बिकापुर से संबद्ध

**Website-janakpurcollege.ac.in Mo. No. 9415248896 Email- gndc.jnk2008@gmail.com**


















# कार्यालय, प्राचार्य, शासकीय नवीन महाविद्यालय, जनकपुर

## OFFICE OF THE PRINCIPAL, GOVERNMENT NAVEEN COLLEGE, JANAKPUR

जिला–मनेन्द्रगढ–चिरमिरी–भरतपुर, (छ0ग0)

**DISTRICT- MANENDRAGARH–CHIRMIRI–BHARATPUR, (C.G.)**

**(NAAC -ACCREDITED)**

संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय, सरगुजा, अम्बिकापुर से संबद्ध

**Website-janakpurcollege.ac.in Mo. No. 9415248896 Email- gndc.jnk2008@gmail.com**









# अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर कार्यक्रम

जनकपुर (नईदुनिया न्यूज)। एमसीबी शासकीय नवीन महाविद्यालय जनकपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा अंतराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डा एसपी त्रिपाठी के द्वारा किया गया। उन्होंने मानवाधिकार दिवस का महत्व तथा वैश्विक स्तर पर मानवाधिकारों के वर्तमान परिदृश्य और व्यापक स्तर पर चर्चा की , राजनीति विज्ञान के विभागाध्यक्ष राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी अतुल कुमार वर्मा के द्वारा मानवाधिकारों के सम्बन्ध में संयुक्त राष्ट्र संघ के सार्वभौमिक घोषणा 1948 तथा उसके अनुच्छेदों के बारे में विस्तार से बताया गया तथा महाविद्यालय के छात्र एवं छात्राओं को मानवाधिकारों के प्रति जागरूक होंने की अपील की गई ।हिन्दी विभाग के विभागाध्यक्ष महावीर पैकरा के द्वारा प्राचीन काल में समाज और साहित्य में वर्णित मानवाधिकारों के बारे में बताया गया, राजनीति विज्ञान के अतिथि व्याख्यता रामलाल पटेल के द्वारा मानवाधिकारों से सम्बंधित छात्र एवं छात्राओं के द्वारा प्रश्नों का उत्तर दिया गया। कार्यक्रम में रसायन शास्त्र विभाग के सहायक प्राध्यापक डा अवनीश कुमार पटेल, भूगोल विभाग विभागाध्यक्ष परमानंद, जन्तु विज्ञान के विभागाध्यक्ष ऋषभ कुमार बोरकर,वनस्पति विज्ञान की विभागाध्यक्ष डा श्रृंगिका मिश्रा, अर्थशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष गितिका वर्मा, प्रयोगशाला तकनीशियन रामप्रसाद बैगा, सुरजीत सिंह, महरोज बेगम, शमीम खान, कमलेश कुमार बैगा, राजाराम सिंह परस्ते, रामेश कुमार यादव, रघुवीर सिंह बंसल, तारकेश्वर राजवाड़े, विजेन्द्र वर्मा, मानसिंह , पंकज कुमार मौर्य, द्वारिका प्रसाद, यशोदा, मानसिंह, अंशुल कुमार , बालेन्दु कुमार सिंह,नूर सवा , फूलमती सिंह, वृजदीप साधे, अनिल कुमार यादव, सुशील कुमार,भोला मौर्य, संजय कुशवाहा, संदीप कुमार यादव, विद्या सागर, युवराज सिंह, जगजीवन यादव सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित रहें।

चर्चा में शामिल छात्र एवं छात्राएं ●नईदुनिया



# कार्यालय, प्राचार्य, शासकीय नवीन महाविद्यालय, जनकपुर
**OFFICE OF THE PRINCIPAL, GOVERNMENT NAVEEN COLLEGE, JANAKPUR**

जिला–मनेन्द्रगढ–चिरमिरी–भरतपुर, (छ0ग0)

**DISTRICT- MANENDRAGARH–CHIRMIRI–BHARATPUR, (C.G.)**

**(NAAC -ACCREDITED)**

संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय, सरगुजा, अम्बिकापुर से संबद्ध

**Website-janakpurcollege.ac.in Mo. No. 9415248896 Email- gndc.jnk2008@gmail.com**







